ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 20 जून 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 69

ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज स्ट्रेट, इजराइल-लेबनान संघर्ष के बीच बढ़ा तनाव; वैश्विक तेल सप्लाई पर असर की आशंका



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। ईरान ने एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का ऐलान कर दिया है। ईरान की जॉइंट मिलिट्री कमांड ने सरकारी टीवी के जरिए इसकी घोषणा की। ईरान ने इसके पीछे लेबनान में जारी इजराइली हमलों को वजह बताया है। यह घटनाक्रम अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के कुछ दिन बाद सामने आया है। 17 जून की रात हुए समझौते में होर्मुज स्ट्रेट खोलने और लेबनान में हमले रोकने जैसी शर्तें शामिल थीं। ईरान का आरोप है कि समझौते के बावजूद इजराइल ने लेबनान में सैन्य कार्रवाई जारी रखी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल पर 19 जून की रात इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर का ऐलान किया गया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद दोनों पक्षों के बीच फिर संघर्ष शुरू हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीजफायर के करीब 8 घंटे बाद इजराइली सेना ने नबातिया इलाके में ड्रोन और तोपों से हमला किया, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हुई। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी में हुए हमलों में 47 लोगों की मौत और 97 लोग घायल हुए हैं।

होर्मुज स्ट्रेट क्यों है अहम?

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। खाड़ी देशों से निकलने वाला बड़ी मात्रा में तेल और गैस इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में ईरान का इसे बंद करने का फैसला वैश्विक ऊर्जा बाजार और तेल कीमतों पर असर डाल सकता है। अमेरिका-ईरान समझौते के बाद 18 जून को 25 व्यापारिक जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे थे। हालांकि अभी भी सैकड़ों जहाज और हजारों नाविक खाड़ी क्षेत्र में फंसे होने की जानकारी सामने आई है।

ईरान-अमेरिका वार्ता पर भी असर अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित पहली औपचारिक वार्ता टल गई थी। दोनों देशों के बीच लेबनान में इजराइली कार्रवाई को लेकर मतभेद बने हुए हैं। हालांकि अब ईरान का वार्ता दल फिर से बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड रवाना होने की तैयारी में है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की खबर है।

ट्रम्प बोले- ईरान को पैसा नहीं मिलेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका मजबूरी में बातचीत की मेज पर नहीं आया है, बल्कि ईरान खुद बातचीत के लिए आगे आया है। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों तक ईरान को अमेरिका से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी। वहीं दूसरी ओर रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका और कतर ईरान के लिए मानवीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फ्रीज फंड जारी करने की योजना पर काम कर रहे हैं। इसमें करीब 6 अरब डॉलर तक की राशि उपलब्ध कराने की संभावना जताई गई है।

नेतन्याहू का बयान

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गाजा और लेबनान में इजराइली सैन्य अभियान जारी रहेंगे। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद अब दुनिया की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता और मध्य-पूर्व में आगे की स्थिति पर बनी हुई है।

लॉरेंस गैंग से जुड़े वांटेड विशाल पचार के घर NIA की कार्रवाई, ढोल बजाकर किया सार्वजनिक भगोड़ा घोषित



24 न्यूज अपडेट

श्रीगंगानगर। लॉरेंस गैंग से जुड़े वांटेड विशाल पचार के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने बड़ी कार्रवाई की है। NIA की जयपुर टीम ने शुक्रवार को श्रीगंगानगर पहुंचकर विशाल पचार के घर के बाहर ढोल बजवाया और उसे सार्वजनिक रूप से भगोड़ा घोषित किया। कार्रवाई के दौरान NIA टीम ने विशाल पचार के घर के बाहर उसके नाम के पोस्टर चिपकाए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। इसके अलावा शहर के बस स्टैंड, नगर परिषद और लीला चौक जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी उसके नाम के पोस्टर लगाए गए। पोस्टर में लिखा गया है कि "न यह मिल रहा है और न ही कोर्ट में पेश हो रहा है।" विशाल पचार का घर श्रीगंगानगर के वार्ड नंबर 14 स्थित शनि मंदिर के पास बताया जा रहा है। NIA के अनुसार, विशाल पचार पर आरोप है कि वह लॉरेंस गैंग के लिए काम करता था और पाकिस्तान से हथियार व ड्रग्स मंगवाने के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। गैंग में उसे एलेक्स के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा उसके अन्य नाम सरदार खान और एसके भी बताए जाते हैं। NIA के अधिकारियों के अनुसार, विशाल के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। NIA कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। कोर्ट ने माना कि वह लंबे समय से पेश नहीं हो रहा है और जांच एजेंसी की पकड़ से बाहर है।

नेपाल के रास्ते भारत से फरार होने का आरोप

जांच एजेंसी के अनुसार, विशाल पचार ने वर्ष 2020 में जयपुर से पासपोर्ट बनवाया था। आरोप है कि वह रोहित गोदारा के संपर्क में आने के बाद वर्ष 2024 में नेपाल के रास्ते भारत से बाहर चला गया। श्रीगंगानगर बॉर्डर क्षेत्र की जानकारी होने के कारण उसे बॉर्डर इलाके में नेटवर्क तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई। आरोप है कि उसने पाकिस्तान के ड्रग्स और हथियार तस्करों से संपर्क बनाया और बॉर्डर से जुड़े गांवों में नेटवर्क खड़ा किया। NIA के अनुसार, पाकिस्तान से आने वाले पैकेटों को सुनसान इलाकों में गिराने के बाद उन्हें आगे सप्लाई करने का काम किया जाता था। बाद में इस नेटवर्क को पंजाब के बॉर्डर इलाकों तक बढ़ाने का आरोप है।

12 दिन से तेलंगाना में रुका मानसून अब बढ़ेगा आगे, 23 जून तक छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना

24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। मानसून की रफ्तार एक बार फिर बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 12 दिनों से तेलंगाना में ठहरा मानसून अब आगे बढ़ सकता है। संभावना है कि 23 जून तक मानसून छत्तीसगढ़ तक पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में मानसून के लिए जरूरी मौसमी सिस्टम सक्रिय हो गया है। इसके चलते मध्य भारत में चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है, जिससे मानसूनी बादल उत्तर भारत की ओर बढ़ सकते हैं। इस बार मानसून 15 दिनों में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून के बाद से इसकी रफ्तार तेलंगाना में थम गई थी। अब सिस्टम सक्रिय होने के बाद मानसून के आगे बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 14 मौतें

देश के कई हिस्सों में बारिश के साथ मौसम का असर देखने को मिल रहा है। बिहार में शुक्रवार को बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि झारखंड में 8 लोगों की जान चली गई। राजस्थान में भी मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी मध्य प्रदेश में 21 से 23 जून के बीच तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 19 से 23 जून तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी 19 से 23 जून के बीच आंधी, तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु और पुडुचेरी में 19 से 21 जून के बीच कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। केरल में भी 19 से 23 जून के दौरान तेज बारिश की संभावना जताई गई है।

NEET री-एग्जाम से पहले एडमिट कार्ड में गड़बड़ी: नागपुर के अभ्यर्थी को मिला अबू धाबी सेंटर, भुवनेश्वर की छात्रा को देहरादून, हंगामे के बाद NTA ने सुधारी गलती



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। री-नीट यूजी एग्जाम से पहले एडमिट कार्ड में सेंटर को लेकर गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं। नागपुर के अभ्यर्थी अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब के एडमिट कार्ड में नागपुर की जगह अबू धाबी (UAE) का परीक्षा केंद्र दिखा, जबकि भुवनेश्वर की अभ्यर्थी संजना संजीवनी को देहरादून सेंटर आवंटित कर दिया गया। हालांकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने दोनों मामलों में सुधार कर दिया है। NTA के डीजी अभिषेक सिंह ने बताया कि सेंटर आवंटन से जुड़ी गलतियां ठीक कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने नया एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिया है, उन्हें दोबारा डाउनलोड करने की जरूरत नहीं है।

22.79 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

NEET-UG 2026 री-एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए NTA ने शनिवार को देशभर में सुरक्षा व्यवस्थाओं की मॉक ड्रिल कराई। परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी सिस्टम तैयार किया गया है। 21 जून को होने वाली परीक्षा में देशभर से 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा संचालन के लिए 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

GPS ट्रैकिंग से पहुंचेंगे प्रश्नपत्र, CCTV से होगी निगरानी

NTA ने परीक्षा सामग्री की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रश्नपत्र और अन्य गोपनीय सामग्री सीलबंद प्रोटोकॉल के तहत परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी। पेपर ले जाने वाले वाहनों में GPS ट्रैकिंग होगी और पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था रहेगी। सभी परीक्षा केंद्र CCTV निगरानी में रहेंगे और लाइव मॉनिटरिंग सेंट्रल कंट्रोल रूम से की जाएगी।

दोपहर 2 बजे से शुरू होगी परीक्षा

NEET-UG री-एग्जाम 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक पेन-पेपर मोड में होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय के साथ शाम 6:20 बजे तक परीक्षा देने की अनुमति होगी।

पेपर लीक और अफवाहों पर NTA की नजर

NTA ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा दी है। एजेंसी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और पेपर लीक या परीक्षा से जुड़ी अफवाहों से बचें।

राज्यों ने भी तैयार की व्यवस्था

दिल्ली में अभ्यर्थियों के लिए डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए कूलिंग जोन बनाए जाएंगे। मध्य प्रदेश में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की तैयारी है। तेलंगाना में हॉल टिकट दिखाने पर RTC बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। वहीं महाराष्ट्र में मुंबई लोकल ट्रेनों का संचालन सामान्य रहेगा।

महाराष्ट्र के परभणी में हनुमान मंदिर की निर्माणाधीन छत गिरी: 7 की मौत, 25 घायल; प्रसाद लेने के दौरान हुआ हादसा



24 न्यूज अपडेट

परभणी। महाराष्ट्र के परभणी जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यशवाड़ी देवस्थान स्थित हनुमान मंदिर के सामने बनाए जा रहे सभा मंडप की निर्माणाधीन छत अचानक गिर गई। हादसे में मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। घटना शनिवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंदिर में शनिवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी। लोग दर्शन के बाद प्रसाद ले रहे थे, तभी मंदिर के सामने बन रहे सभा मंडप का स्ट्रक्चर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए कतार में खड़े दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया और पत्थरों समेत पूरा ढांचा नीचे आ गिरा। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मलबा हटाने का काम शुरू किया और दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। बाद में पुलिस, प्रशासन और रेस्क्यू टीमों ने पहुंचकर बचाव अभियान चलाया। जिला प्रशासन के अनुसार, हादसे में 32 लोग प्रभावित हुए, जिनमें 7 लोगों की मौत हो गई और 25 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों का इलाज जारी है। यशवाड़ी गांव मनवत रोड पर स्थित है। यहां का त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर करीब 400 साल पुराना बताया जाता है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभा मंडप और अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे थे। इसी निर्माण के दौरान यह हादसा हुआ। प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन टीम, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा दल और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

संपादकीय : समझौते पर संकट

अमेरिका और ईरान के बीच हुए करार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में फिर से शांति और स्थिरता कायम हो जाएगी, मगर इजराइल का आक्रामक रुख इस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इजराइली सेना ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में कई स्थानों को लक्ष्य बनाकर हमले किए, जिसके बाद अमेरिका ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता को भी फिलहाल टाल दिया गया। इससे प्रारंभिक शांति समझौते के क्रियान्वयन पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होमुंज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। मगर इजराइल के तल्ख तेवर वार्ता की राह में बाधक बन रहे हैं। सवाल है कि क्या अमेरिका ने ईरान के साथ करार से पहले इजराइल के नेतृत्व को विश्वास में नहीं लिया था ? क्या यह समझौता इजराइल के लिए कोई मायने नहीं रखता ? आखिर क्या वजह है कि ईरान को लेकर अमेरिका के नरम रुख के बावजूद इजराइल लेवनान के मोर्चे से पीछे हटने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में फ्रांस में ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि ईरान के नेतृत्व ने अलग से दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए इस करार के मुताबिक, ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय निगरानी में कम करना होगा और परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहरानी होगी। हालांकि इससे जुड़े कई अन्य मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है, जिसके लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में वार्ता की शुरुआत की जानी थी और इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। मगर गुरुवार देर शाम वेंस ने अचानक यह यात्रा रद्द कर दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई, लेकिन खबरों के मुताबिक, इजराइल की ओर से लेबनान पर हमले तेज करने के कारण फिलहाल वार्ता टाल दी गई है । सवाल है कि जब द्विपक्षीय समझौते में पश्चिम एशिया में सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही गई है, तो इजराइल लेबनान में हमले क्यों जारी रखे हुए है ? इजराइल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि उसके सैन्य बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे, जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता। समझौते के क्रियान्वयन पर संशय का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को खोलने पर सहमति तो जा दी है, लेकिन इस मार्ग की निगरानी का प्रभार संभाल रहे प्राधिकरण ने समझौते के बाद नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सभी जहाज संचालकों से अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि होर्मु जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही के लिए ईरान शुल्क वसूलने की व्यवस्था लागू कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो तेल और गैस परिवहन की लागत बढ़ जाएगी, जिससे इसकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। यानी ऊर्जा के मौजूदा संकट की वजह से भारत समेत जिन देशों में महंगाई बढ़ी है, वहां आम लोगों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद भी कम ही रहेगी। वहीं, अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देश ईरान की ओर से जहाजों पर शुल्क लगाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसे में शांति समझौते के तहत वार्ता शुरू करने तथा उसे अंजाम तक पहुंचाने की राह आसान नहीं होगी ।

जोखिम में बच्चे

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में बाल तस्करी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । इसका जाल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि सीमा पार तक फैला हुआ है। विभिन्न राज्यों में सक्रिय गिरोह छोटे बच्चों से लेकर नवजात शिशुओं का अपहरण करते हैं और बाद में उनकी खरीद-फरोख्त की जाती है। हैरत इस बात की है। कि इन आपराधिक गतिविधियों में ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जो लोगों का जीवन बचाने के पेशे से जुड़े हुए हैं। दिल्ली में गुरुवार को बाल तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश होना बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में एक चिकित्सक एवं अस्पताल का मालिक भी शामिल है, जो निःसंतान दंपतियों में से संभावित खरीदारों की पहचान करता था। अगर देश की राजधानी के किसी अस्पताल में ही इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, तो दूसरे शहरों में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं ? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है। दिल्ली पुलिस ने बाल तस्करी में जिन तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वे काफी समय से विभिन्न राज्यों में सक्रिय थे। वे बच्चों का अपहरण कर उन्हें दिल्ली लाते थे और यहां एक निजी अस्पताल में उन्हें रखा जाता था । पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पिछले डेढ़ साल में तीस से अधिक बच्चों को बेच चुका है। सवाल यह भी कि पुलिस को इस गिरोह की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई ? क्या पुलिस का निगरानी एवं खुफिया तंत्र इतना कमजोर है कि उसे अस्पताल जैसे सार्वजनिक संस्थानों में चल रही आपराधिक गतिविधियों की भी जानकारी नहीं मिल पाती है? जाहिर है कि जब तक पुलिस प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त और जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसी भी तरह के अपराध पर अंकुश नहीं लग पाएगा।

दिवंगत निविदा नर्सिंग ऑफिसर दीपक खारवाल को श्रद्धांजलि, नौकरी बहाली की मांग को लेकर निविदा नर्सेज का धरना प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जयपुर में नौकरी चले जाने के बाद आत्महत्या करने वाले दिवंगत निविदा नर्सिंग ऑफिसर दीपक खारवाल को उदयपुर में निविदा नर्सेज ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नर्सेज ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और मोक्ष की प्रार्थना की। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और दीपक खारवाल की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। निविदा नर्सेज ने नौकरी बचाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर शहर के जिला अध्यक्ष प्रवीण चारपोटा एवं प्रदेश सचिव लालचंद ऐचरा के नेतृत्व में नर्सेज ने अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार से सेवाएं बहाल करने की गुहार लगाई। नर्सेज एसोसिएशन ने मांग की कि जिन निविदा कर्मियों को हटाया गया है, उन्हें वापस सीएसआर रूल्स या यूटीबी के तहत नियुक्त कर सेवाएं बहाल की जाएं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी दिनों में 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। नर्सेज ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी संविदा कर्मचारी को हटाकर उसके स्थान पर दूसरे संविदा कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए। इसके बावजूद पिछले दो-तीन वर्षो से सेवाएं दे रहे निविदा नर्सेज को नौकरी से हटा दिया गया है। आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के विभिन्न चिकित्सालयों में कार्यरत निविदा नर्सेज पिछले 17 दिनों से लगातार जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से मिलकर नौकरी बचाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिला है। नर्सेज ने बताया कि कई चिकित्सालयों में उन्हें कार्य से हटा दिया गया है। बेरोजगार होने के कारण परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले कई वर्षो से अल्प मानदेय पर मरीजों की सेवा की है और बाल गहन चिकित्सा इकाई (PICU), शिशु गहन चिकित्सा इकाई (NICU), मेडिकल आईसीयू (MICU) और ट्रॉमा आईसीयू जैसी संवेदनशील इकाइयों में सेवाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि बाल चिकित्सालय के कई कर्मचारियों ने एफबीएनसी जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनिंग भी पूरी की है। वर्षो तक मरीजों की सेवा करने वाले नर्सेज अब स्वयं रोजगार और न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान नर्सेज ने नारे लगाए‘ “न्याय दो, सम्मान दो, निविदा नर्सेज को पुनः रोजगार दो।” इस अवसर पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर शहर के जिला अध्यक्ष प्रवीण चारपोटा, प्रदेश सचिव लालचंद ऐचरा सहित बड़ी संख्या में निविदा नर्सेज मौजूद रहे।

बड़ी पाल पर योग पूर्वाभ्यास, ग्रामीणों ने उत्साह के साथ किया योगाभ्यास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में बड़गांव ब्लॉक के अंतर्गत बड़ी की पाल पर योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राकृतिक और रमणीय वातावरण में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रशासक एवं सरपंच मदन पंडित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। नियमित योग करने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में अधिक से अधिक भागीदारी का संकल्प लिया। बड़गांव ब्लॉक नोडल प्रभारी डॉ. विष्णु बंशीवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से आमजन में योग के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ रही है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

गोगुंदा में दिनदहाड़े वृद्धा से लूट: बाइक सवार बदमाश बहला-फुसलाकर जंगल में ले गए, चांदी के कड़े आरी से काटे



24 न्यूज अपडेट

गोगुंदा। गोगुंदा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े वृद्ध महिला के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार दो बदमाश एक वृद्धा को बहला-फुसलाकर जंगल में ले गए और मारपीट कर उसके गहने लूट लिए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, जोगियों का गुड़ा निवासी भुरकी बाई पेंशन सत्यापन के लिए गोगुंदा आई थी। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वह वापस अपने गांव लौट रही थी। इसी दौरान धोली घाटी के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया। बदमाश महिला को मजावड़ी के जंगलों में ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ मारपीट की और पैरों में पहने चांदी के कड़े आरी से काटकर निकाल लिए। इसके अलावा गले में पहनी हाली, कान के टॉप्स और नकदी भी लूटकर बदमाश फरार हो गए। आरी से कड़े काटने के दौरान महिला के पैरों में गंभीर चोटें आईं। रात करीब 11 बजे दूर गांव की रोशनी दिखाई देने पर वृद्धा किसी तरह मजावड़ी गांव पहुंची। वहां दो युवकों ने महिला की हालत देखकर उसकी मदद की और उसे गोगुंदा थाने पहुंचाया। पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है।

वल्लभनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मादक पदार्थ तस्कर की लाखों रुपए की अवैध संपत्ति फ्रीज, चार वाहन जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के वल्लभनगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों की अवैध कमाई पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की संपत्ति को फ्रीज/ जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, आरोपी विपिन पुत्र मांगू निवासी बड़गांव पुरोहितान, थाना वल्लभनगर की मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित किया गया। कार्रवाई में आरोपी के चार वाहन‘एक स्कॉर्पियो, एक अल्टो कार, एक लोडिंग टेम्पो और एक महिंद्रा ट्रैक्टर‘को फ्रीज/ जब्त किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विपिन का पिछले कई वर्षो से पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों से संपर्क था। आरोपी तस्करों को अपने क्षेत्र में रुकवाने, संरक्षण उपलब्ध कराने और अन्य प्रकार से सहयोग करने का काम करता था। इसके बदले उसे आर्थिक लाभ मिलता था। इसी अवैध धनराशि से आरोपी ने विभिन्न चल संपत्तियां अर्जित कीं। पुलिस ने वित्तीय विश्लेषण, स्थानीय सत्यापन और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इन वाहनों को मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति माना। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत चारों वाहनों को फ्रीज/ जब्त करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज, अनुसंधान से प्राप्त साक्ष्य, संपत्ति का विवरण और अन्य अभिलेख सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए भेजे गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी, नशे के अवैध कारोबार और इससे अर्जित संपत्तियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति चाहे अपराधी के नाम हो या बेनामी, उसे चिन्हित कर कानून के अनुसार फ्रीज/ जब्त किया जाएगा। उन्होंने नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए मुख्यधारा में लौटने की अपील की। साथ ही कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज को नशामुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध नशे का कारोबार या अपराध से अर्जित संपत्ति की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी को मिली पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से सामाजिक विज्ञान संकाय में जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. जितेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने “दुर्गा सप्तशती का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व - ऊर्जा व उपचार” विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. अलकनंदा शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने डॉ. त्रिवेदी को पीएचडी प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी और उनके शोध कार्य की सराहना की।

मानसून को लेकर जिला आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट, आपदाओं से निपटने की तैयारियां पूरी



24 न्यूज अपडेट

मानसून को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन एवं राजस्थान नागरिक सुरक्षा विभाग उदयपुर ने आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। शनिवार को उप नियंत्रक दीपेंद्र सिंह राठौर के निर्देश पर विभाग की ओर से सभी साधन-संसाधनों और जरूरी उपकरणों की जांच करने के आदेश दिए गए। इसके बाद जिला आपदा प्रबंधन टीम सक्रिय हुई और राहत एवं बचाव कार्यों में उपयोग होने वाले सभी संसाधनों के रखरखाव की समीक्षा की गई। विभाग ने मानसून के दौरान संभावित आपदाओं जैसे जलभराव, बाढ़ और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए जरूरी उपकरणों को तैयार रखने की व्यवस्था की है। अधिकारियों ने सभी संसाधनों को कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें।


समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -

desk24newsupdate@gmail.com

wathsapp : 8852073787

पेट्रोल पंप पर ग्राहक का 500 रुपए का नोट नकली बता फाड़ा, जांच में निकला असली

24 न्यूज अपडेट



अलवर। शहर के मनुमार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर ग्राहक का 500 रुपए का नोट फाड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 17 जून की शाम एक व्यक्ति मनुमार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर 50 रुपए का पेट्रोल भरवाने गया था। उसने पंप कर्मचारी को भुगतान के लिए 500 रुपए का नोट दिया। आरोप है कि कर्मचारियों ने नोट को नकली बताते हुए पहले उस पर पेन से जांच की और बाद में उसे फाड़ दिया।

पीड़ित महेश सैनी का कहना है कि उन्होंने नोट को लेकर आपत्ति जताई तो पंप कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और वहां से जाने के लिए कहा। पीड़ित के अनुसार बाद में नोट की जांच करवाने पर वह असली पाया गया। घटना के दो दिन बाद महेश सैनी एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ दोबारा पेट्रोल पंप पहुंचे और नोट फाड़ने को लेकर जवाब मांगा। इस दौरान पंप कर्मचारियों और उनके साथ आए लोगों के बीच काफी देर तक बहस हुई, जिससे मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। पीड़ित का आरोप है कि पेट्रोल पंप कर्मचारी ने नोट को नकली बताकर संचालक के पास भेजा, जहां पेन से जांच करने के बाद उसे नकली बताकर फाड़ दिया गया। पीड़ित ने कहा कि नोट फाड़े जाने से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

33 केवी प्लांट पर करंट की चपेट में आया बंदर, वन्यजीव रेस्क्यू टीम ने बचाई जान



24 न्यूज अपडेट

बिजली निगम के कर्मचारियों की जांच के दौरान 33 केवी प्लांट में एक बंदर के करंट की चपेट में आने का मामला सामने आया। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली निगम अधिकारियों ने तत्काल वन्यजीव रेस्क्यूकर्ता धर्मेंद्र पनिगर को सूचना दी। सूचना मिलने पर धर्मेंद्र पनिगर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय पर किए गए रेस्क्यू से बंदर की जान बच गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्लांट क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए रेस्क्यू कार्य पूरा किया गया। घटना के बाद वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

डूंगरपुर में चाकू घोंपकर मजदूर की हत्या, गुजरात में साथ काम करने वाले साथी पर आरोप; पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के रेंटा जुड़ा गांव में आपसी विवाद के चलते एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या का मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बाद में डिटेन कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी और मृतक गुजरात के भुज में एक साथ मजदूरी करते थे। करीब डेढ़ महीने पहले काम के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी पुराने विवाद ने गांव आने के बाद फिर तूल पकड़ लिया और हत्या की वारदात हो गई। रामसागड़ा थानाधिकारी कैलाश कुमार ने बताया कि मृतक सुखराम (40) पुत्र सोना आमलिया निवासी रेंटा जुड़ा गुजरात के भुज में मजदूरी करता था। आरोपी विश्राम पुत्र मोतीलाल अहारी निवासी रामपुर वियोला भी उसके साथ मजदूरी करता था। पुलिस के मुताबिक डेढ़ महीने पहले गुजरात में दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद सुखराम अपने गांव लौट आया था। शुक्रवार को आरोपी विश्राम सुखराम के घर पहुंचा, जहां दोनों के बीच पुराने विवाद को लेकर फिर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर विश्राम ने सुखराम पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर रामसागड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुखराम को डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चंदेरिया थाने का 15 हजार रुपये का इनामी एवं हिस्ट्रीशीटर नकबजन गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 20 जून 2026। ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-02 के तहत जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना चंदेरिया के वर्ष 2022 के विद्युत अधिनियम प्रकरण में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी एवं हिस्ट्रीशीटर आरोपी देवीसिंह पड़िहार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती एवं विद्युत अधिनियम सहित विभिन्न थानों में कुल 28 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज उदयपुर श्री गौरव श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-02 के तहत अधिकाधिक इनामी एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु डीएसटी प्रभारी निरीक्षक जोधाराम के निर्देशन में एएसआई सूरज कुमार एवं टीम का गठन किया गया। टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस थाना चंदेरिया के वर्ष 2022 के विद्युत अधिनियम प्रकरण में 15 हजार रुपये का इनामी आरोपी देवीसिंह पड़िहार पिता फूलसिंह पड़िहार निवासी चौहानों का कंथारिया थाना चंदेरिया, जो लंबे समय से फरार चल रहा है, वर्तमान में मोरबी (गुजरात) में ट्रेलर चालक के रूप में कार्य कर रहा है तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी प्रकार का मोबाइल अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने पास नहीं रखता है। सूचना पर डीएसटी टीम ने खेरवाड़ा-गुजरात बॉर्डर क्षेत्र में निगरानी कर आरोपी को दस्तयाब किया। पहचान एवं सत्यापन के उपरांत उसे नियमानुसार डिटेन कर पुलिस थाना चंदेरिया को सुपुर्द किया गया। आरोपी देवीसिंह पड़िहार थाना चंदेरिया का हिस्ट्रीशीटर है तथा उसके विरुद्ध थाना कपासन, सदर चित्तौड़गढ़, कोतवाली चित्तौड़गढ़, चंदेरिया, मंगलवाड़ सहित विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती एवं विद्युत अधिनियम के कुल 28 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी दर्जनभर से अधिक चोरी के मामलों में भी वांछित चल रहा है। पुलिस थाना चंदेरिया द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य चोरी एवं नकबजनी की वारदातों के खुलासे की संभावना है। पुलिस टीम :- पुलिस निरीक्षक जोधा राम, एएसआई सूरज कुमार, कॉन्टेबल अरविंद, कृष्णकांत,अशोक,वीरेंद्र, सहयोगी टीम:-एएसआई राजकुमार (साइबर सेल),कांस्टेबल शिशपाल, सुरेश सुंडा,देवेंद्र,रामकेश, जगदीश

पर्यटकों को गाइडिंग के नाम पर परेशान करने वाले तीन युवकों पर कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सूरजपोल थाना पुलिस ने पर्यटकों को गाइडिंग के नाम पर जबरन परेशान करने के मामले में तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पर्यटन पुलिस अधिनियम 2010 की धारा 13(1)(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, शहर के पर्यटन स्थलों के आसपास आरोपी युवकों द्वारा पर्यटकों के पास जाकर खुद को गाइड बताकर उन्हें उदयपुर भ्रमण कराने के लिए परेशान किया जा रहा था। पहली कार्रवाई में पारस चौराहा क्षेत्र से मोहम्मद अहसान पिता अलाउद्दीन, उम्र 36 वर्ष, निवासी गली नंबर 6 दीवान शाह कॉलोनी, थाना सूरजपोल, उदयपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई रंगनिवास चौराहा से आगे दूधतलाई मोड़ क्षेत्र में की गई, जहां सद्दाम अब्बासी पिता अलाउद्दीन, निवासी गली नंबर 6 दीवान शाह कॉलोनी, के खिलाफ कार्रवाई की गई। तीसरी कार्रवाई पारस चौराहा क्षेत्र में करते हुए सद्दाम खान पिता अयूब खान, उम्र 25 वर्ष, निवासी ज्योति नगर नेला, थाना गोवर्धन विलास के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि पर्यटकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने और जबरन गाइड सेवा लेने के लिए दबाव बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

ऑपरेशन त्रिनेत्र: भदेसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आई-20 कार से 43 किलो डोडाचूरा बरामद; दो तस्कर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत भदेसर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आई-20 कार से 43 किलो 280 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत एएसपी मुकुल शर्मा के मार्गदर्शन और डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। भदेसर थानाधिकारी विनोद मेनारिया के नेतृत्व में पुलिस टीम सोड़ावास-आवरी माता मार्ग पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान झाड़ोली की तरफ से एक डार्क ब्लू रंग की आई-20 कार आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक कार तेज रफ्तार से भगाने लगा। पुलिस कांस्टेबल सुरेंद्रपाल ने स्टॉप स्टिक लगाकर कार का टायर पंचर कर दिया, लेकिन चालक ने फिर भी वाहन दौड़ाना जारी रखा। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रुकवाया, जहां कार में सवार दो व्यक्ति उतरकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से तीन कट्टों में भरा 43 किलो 280 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने डोडाचूरा और कार को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमीन खान (41) निवासी धामनिया थाना जावद, मध्यप्रदेश और अर्जुन सिंह (28) निवासी खैरखेड़ा, लासूर थाना जावद, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। मामले में भदेसर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई टीम: थानाधिकारी विनोद मेनारिया, कांस्टेबल सुरेंद्रपाल, रतन सिंह, झाबरमल, नरेंद्र और मुरलीधर शामिल रहे।

सुखेर में ढाबे पर बालश्रम कराने का मामला, नारायणलाल के खिलाफ केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र में एक ढाबे पर नाबालिग बालक से काम करवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एएचटीयू उदयपुर की सहायक उपनिरीक्षक रेखा मीणा ने रिपोर्ट दी कि पंडित जी का ढाबा, अंबेरी पर एक छोटे बालक से कार्य (बालश्रम) कराया जा रहा था और उसका शोषण किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने नारायणलाल पिता रूपलाल, निवासी एकलिंगजी मंदिर के पास, कैलाशपुरी, उदयपुर के खिलाफ जेजे एक्ट 2015 की धारा 79, 3, 7/ 14 और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 146 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सुखेर थाना पुलिस के कैशर सिंह कर रहे हैं।

प्रतापनगर में सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की पर्चियां काटते युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रतापनगर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की पर्चियां काटने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, उदयसागर चौराहा क्षेत्र में आरोपी जाकिर हुसैन पिता गुलाम हुसैन, उम्र 40 साल, निवासी गोरखइमली मस्जिद के पीछे खाखड़ा थाना कोतवाली बांसवाड़ा, हाल उदयसागर चौराहा सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की पर्चियां काट रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा सट्टे के अंक लगाए जा रहे थे, जिनके खुलने पर एक व्यक्ति को अनुचित लाभ और अन्य को अनुचित नुकसान पहुंचता। मामले में प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरपीजीओ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई प्रतापनगर थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह के नेतृत्व में की गई। मामले की जांच जारी है।

RAS तबादला सूची: उदयपुर यूडीए सचिव बदले, हेमेंद्र नागर बीकानेर भेजे गए; राजपाल सिंह संभालेंगे जिम्मेदारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 178 राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस सूची में उदयपुर जिले से जुड़े कई अधिकारियों के पद भी बदले गए हैं। उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) के सचिव हेमेंद्र नागर का तबादला कर उन्हें बीकानेर विकास प्राधिकरण का सचिव लगाया गया है। वहीं अब उदयपुर यूडीए सचिव की जिम्मेदारी राजपाल सिंह को दी गई है। राजपाल सिंह इससे पहले कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत थे। इधर, डॉ. नरेश सोनी को उदयपुर नगर निगम में उपायुक्त लगाया गया है। डॉ. सोनी पहले गोगुंदा में उपखंड अधिकारी रह चुके हैं। लेपर्ड हमलों के दौरान उन्होंने वन विभाग और प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर व्यवस्थाएं संभाली थीं।

उदयपुर जिले में नई जिम्मेदारियां

राजपाल सिंह ' कोटा विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार से उदयपुर विकास प्राधिकरण सचिव

अभिलाषा भींडर ' साबला (डूंगरपुर) एसडीएम से भींडर एसडीएम

श्याम सुंदर बिश्नोई ' जयपुर विकास प्राधिकरण उपायुक्त से ऋषभदेव एसडीएम

हेमराज गुर्जर ' हिंडोन एसडीएम से उदयपुर लोक सेवाएं सहायक निदेशक

डॉ. नरेश सोनी ' चिड़ावा (झुंझुनूं) एसडीएम से नगर निगम उदयपुर उपायुक्त

जगदीश सिंह आशिया ' सुहागपुरा (प्रतापगढ़) एसडीएम से गोगुंदा एसडीएम

निलेश कुमार कलाल ' पीपलखूंट (प्रतापगढ़) एसडीएम से गिर्वा सहायक कलक्टर

रमेश चंद वडेरा ' अटरू (बारां) एसडीएम से वल्लभनगर एसडीएम

उदयपुर से बाहर भेजे गए अधिकारी

हेमेंद्र नागर ' उदयपुर यूडीए सचिव से बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव

जय सिंह ' खेरवाड़ा एसडीएम से खेतड़ी (झुंझुनूं) एसडीएम

राजेंद्र कुमार ' कोटड़ा एसडीएम से पदमपुर (श्रीगंगानगर) एसडीएम

किरणपाल ' वल्लभनगर एसडीएम से चिड़ावा (झुंझुनूं) एसडीएम

रामकरण सिंह ' ऋषभदेव एसडीएम से झुंझुनूं एसडीएम

शिक्षण संस्था के पास धूम्रपान सामग्री बेचने पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। धानमंडी थाना पुलिस ने शिक्षण संस्था के आसपास धूम्रपान सामग्री बेचने के मामले में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, धानमंडी क्षेत्र में माहेश्वरी की सेहरी के पास आरोपी कुनाल पिता राजेश खतुरिया, उम्र 34 साल, निवासी 3/ 10 आरसीबी कॉलोनी, सी क्लास प्रतापनगर, उदयपुर द्वारा शिक्षण संस्था के आसपास धूम्रपान सामग्री बेची जा रही थी। मामले में धानमंडी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धूम्रपान निषेध अधिनियम 2000 की धारा 9/ 11 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई धानमंडी थाने के सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एमडी ड्रग फैक्ट्री पर चला प्रशासन का बुलडोजर, चंपापुर की पहाड़ियों में अवैध फार्म हाउस ध्वस्त



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। बिजौलिया। चंपापुर गांव की पहाड़ियों में पकड़ी गई अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री पर शनिवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। ड्रग बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे अवैध फार्म हाउस को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई शनिवार सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के बीच की गई। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध निर्माण को हटाया गया। मौके पर जमीन मालिक खातेदार भी मौजूद रहे।

जांच रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई

बिजौलिया तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से तैयार किए गए मौका पर्चा और जांच रिपोर्ट के आधार पर अवैध निर्माण हटाने का निर्णय लिया गया। कार्रवाई के दौरान गिरदावर, पटवारी और पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही। जांच में सामने आया कि जिस जमीन पर फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह गुढ़ा निवासी एक राजपूत परिवार के नौ खातेदारों के नाम दर्ज है। आरोप है कि भंवर बंजारा ने जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया था। इसमें तीन कमरे, बरामदा, किचन और लेट-बाथ बनाए गए थे। बाद में इस जगह को करीब 7 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर दिया गया, जहां एमडी ड्रग बनाने का काम किया जा रहा था।

छह महीने पहले बना था निर्माण, दो-तीन दिन पहले शुरू हुआ था काम

तहसीलदार के अनुसार जांच में पता चला कि यह निर्माण करीब छह महीने पहले किया गया था। स्थानीय जानकारी के अनुसार इससे पहले यहां कोई निर्माण नहीं था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि फैक्ट्री में ड्रग बनाने का काम कुछ दिन पहले ही शुरू हुआ था। पहली खेप बाजार में पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कार्रवाई कर दी।

मुखबिर की सूचना पर हुआ था फैक्ट्री का खुलासा

पुलिस को सूचना मिली थी कि पहाड़ियों के बीच बने मकान में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। निगरानी के बाद पुलिस ने दबिश देकर अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया था। कार्रवाई में पुलिस ने 36 किलो एमडीएमए, 155 लीटर एमएम केमिकल, 30 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड और 8.50 किलो कास्टिक सोडा बरामद किया था। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

एमपी से सीखी ड्रग बनाने की प्रक्रिया, लाखों का निवेश

पूछताछ में सामने आया कि एक आरोपी मध्यप्रदेश जाकर ड्रग बनाने की प्रक्रिया सीखकर आया था। शुरुआती जांच में फैक्ट्री शुरू करने में करीब 20 से 25 लाख रुपए के निवेश की बात सामने आई है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क और आर्थिक लेन-देन की जांच कर रही है। बडलियास थाना पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि कच्चा माल कहां से आया, तैयार ड्रग कहां सप्लाई की जानी थी और इस कारोबार में कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

कैट विमेन विंग के योगोत्सव में योग साधकों का सम्मान, योग-ध्यान और जुम्बा से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कैट विमेन विंग उदयपुर की ओर से आयोजित योगोत्सव 2026 के तृतीय सत्र का आयोजन सीपीएस स्कूल उदयपुर में किया गया। कार्यक्रम में योग, मेडिटेशन और जुम्बा के माध्यम से स्वास्थ्य, सकारात्मकता और संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर योग और मेडिटेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रशिक्षकों का "योग ऋषि सम्मान" से अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि सीपीएस एवं रोकवुड्स की डायरेक्टर अलका शर्मा रहीं, जबकि अध्यक्षता एनआईसीसी की डायरेक्टर डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने की। दोनों अतिथियों ने योग को स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कैट विमेन विंग उदयपुर अध्यक्ष, कैट नेशनल जॉइंट सेक्रेटरी जनरल एवं कैट नेशनल विमेन विंग मेंबरशिप व नेटवर्किंग कन्वीनर विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने अतिथियों, प्रशिक्षकों और सदस्याओं का स्वागत किया। उन्होंने आगामी कैट उड़ान एग्जिबीशन, भारतीय व्यापार महोत्सव और नारी वंदन अवॉर्ड कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में कैट विमेन विंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। योग सत्र में डायनेमिक योग सेंटर की डायरेक्टर डॉ. गुनीत मोंगा ने योग के सिद्धांतों और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। वहीं यू कैन जुम्बा स्टूडियो की डायरेक्टर निशा सांखला ने उत्साहपूर्ण जुम्बा सत्र कराया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिवम मेडिटेशन सेंटर की डायरेक्टर जसमीत कौर ने ध्यान और मेडिटेशन की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराते हुए मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के महत्व को बताया। कैट विमेन विंग सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि कार्यक्रम में योग एवं मेडिटेशन के क्षेत्र में योगदान देने वाले डॉ. गुनीत मोंगा, डॉ. मीना बाबेल, योगी ऋषिका, रुचिका, शर्मिला रामूका, कविता जैन, निशा सांखला, नेहा शर्मा, जसमीत कौर और सविता मंडोरिया को "योग ऋषि सम्मान" प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, सदस्याओं और अतिथियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने एक जैसी कैट विमेन विंग की टी-शर्ट पहनकर संगठनात्मक एकता और सामूहिकता का संदेश दिया। संचालन रुचि चोरड़िया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सोनू जैन ने दिया।

'दिल की गली से' पुस्तक का विमोचन, कवि सम्मेलन में देर रात तक गूंजती रहीं कविता की स्वर लहरियां



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 जून 2026। सहस्त्र औदीच्य समाज, उदयपुर के तत्वावधान में समाज की साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकार, कवि एवं ज्योतिषाचार्य सुनील दीक्षित 'अकेला' की ग़ज़ल संग्रह पुस्तक "दिल की गली से" का विमोचन समाज अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, वरिष्ठ कवि किशन दाधीच एवं राष्ट्रीय पत्रकार तथा उदयपुर चौपाल के संयोजक दिनेश भट्ट द्वारा किया गया। पुस्तक में सौ ग़ज़लों का संकलन है। समाज के उपाध्यक्ष दिनेश दामोदरलाल दवे ने बताया कि पुस्तक विमोचन के बाद समाज अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने पूरी कार्यकारिणी की ओर से सुनील दीक्षित 'अकेला' का पगड़ी एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सीमा दीक्षित ने किया। पुस्तक विमोचन के पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों के साथ स्थानीय प्रतिभाओं ने भी अपनी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत कपिल पालीवाल ने मां और बेटी पर आधारित भावपूर्ण रचनाओं से की। इसके बाद समाज अध्यक्ष एवं कवयित्री इंदिरा शर्मा ने समसामयिक विषयों पर छंद और दोहों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि अशोक मंथन ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं से खूब वाहवाही बटोरी, वहीं श्रेणीदान चारण ने राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत बना दिया। उनका गीत "बेटी चली सासरे" श्रोताओं को विशेष रूप से पसंद आया। नाथद्वारा से आए गिरीश विद्रोही ने श्रृंगार रस से भरपूर गीत "पूर्णमासी का चांद है" प्रस्तुत कर खूब दाद प्राप्त की। कवि सुनील दीक्षित 'अकेला' ने अपनी चर्चित रचना "दिल की गली से ऐसे निकल..." सुनाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। कवि सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए प्रकाश नागौरी ने अपनी रचना "आप ही हमसे मिलना न चाहें तो..." प्रस्तुत कर कार्यक्रम में नया रंग भर दिया। वरिष्ठ कवि किशन दाधीच ने पुस्तक की समीक्षा के साथ अपनी चर्चित रचनाओं एवं ग़ज़लों का पाठ कर सराहना प्राप्त की। कवि सम्मेलन देर रात तक चला। पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज की कार्यकारिणी ने व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। समारोह में समाजजनों एवं साहित्य प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अंत में समाज कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष दातार शंकर शर्मा ने सभी अतिथियों, कवियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सदैव नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

सुखाड़िया मेमोरियल पार्क में 11वां नि:शुल्क योग शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग के तहत सुखाड़िया मेमोरियल पार्क, दुर्गा नर्सरी रोड उदयपुर में 11वें नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जैन सोशल ग्रुप 'मेन' उदयपुर एवं सुखाड़िया मेमोरियल मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में योग साधकों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग विशेषज्ञ प्रिया कालरा (संस्थापक, कर्मा योग रिट्रीट) के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और स्वास्थ्यवर्धक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योग से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बेहतर होता है। साथ ही योग जीवन के हर चरण में ऊर्जा, संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। शिविर के दौरान विभिन्न योग अभ्यास, ध्यान सत्र और समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता में जैन सोशल ग्रुप 'मेन' उदयपुर, सुखाड़िया मेमोरियल मित्र मंडल और कर्मा योग रिट्रीट की टीम का विशेष योगदान रहा।

जेके सीमेंट श्रमिक संघ चुनाव में मेनारिया अध्यक्ष और गोस्वामी महामंत्री निर्वाचित



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। जे.के. सीमेंट श्रमिक संघ (इंटक) मांगरोल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सत्यनारायण मेनारिया और महामंत्री पद पर धर्मपुरी गोस्वामी ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सत्यनारायण मेनारिया को 150 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश नाथ योगी को 137 मत मिले। मेनारिया 13 मतों से विजयी रहे। इसी प्रकार महामंत्री पद पर धर्मपुरी गोस्वामी को 156 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कमलेश शर्मा को 131 मत प्राप्त हुए। गोस्वामी 25 मतों से विजयी हुए। विजय के बाद दोनों पदाधिकारियों का समर्थकों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

रूद्रप्रताप ने शूटिंग में जीता गोल्ड मेडल, 10 मीटर एयर रायफल में 400 में से 398 अंक



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। बेंगू क्षेत्र के ग्राम बिछोर निवासी 15 वर्षीय छात्र रूद्रप्रताप सिंह चुण्डावत ने जयपुर में आयोजित 24वीं राजस्थान राज्य रायफल एवं पिस्टल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रूद्रप्रताप ने 10 मीटर एयर रायफल सब यूथ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 400 में से 398 निशाने टारगेट पर लगाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल जूनियर और यूथ कैटेगरी में कांस्य पदक भी जीते। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि चित्तौड़गढ़ जिले में छात्र वर्ग में पहली बार किसी खिलाड़ी ने शूटिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। रूद्रप्रताप के पिता विजय सिंह चुण्डावत वंडर सीमेंट निम्बाहेड़ा में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं।

वंडर सीमेंट के आर.के. नगर परिसर में योग शिविर आयोजित, नियमित योग अपनाने का दिया संदेश



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा (कविता पारख)। विश्व योग दिवस के अवसर पर वंडर सीमेंट लिमिटेड के आर.के. नगर परिसर में 20 जून को योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कंपनी के यूनिट हेड नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में विपिन जैन, उपाध्यक्ष (टेक्निकल) ने नितिन जैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नितिन जैन ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ जीवनशैली और स्वस्थ राष्ट्र के लिए नियमित योग आवश्यक है। योग शिविर में योग प्रशिक्षक यश शारदा ने आर.के. नगर परिसर के कॉलोनीवासियों, पाटनी पब्लिक स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थियों सहित वंडर सीमेंट के अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संयोजन बनवारी कुमावत और उनकी टीम ने किया। इस दौरान राजू जैन, श्रीकांत त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. विश्वास जैन, अजय शर्मा सहित कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।